# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

## सूचना

एतद् द्वारा निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025–27 में नामांकन हेतु चयन सूची से नामांकन के उपरान्त रिक्त बचे सीटों पर ***ऑनलाईन ऑन–स्पॉट*** नामांकन हेतु सभी आवेदित किन्तु अभी तक अनामांकित (दिनांक– ***05.12.2025 एवं 06.12.2025*** को आवेदित अभ्यर्थी सहित) अभ्यर्थी ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.lnmu.ac.in पर ***दिनांक– 11.12.2025 से 12.12.2025 तक*** ऑनलाईन स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय का चयन कर सकते है। विदित हो कि कई विषयों में तीन चरण के नामांकनोपरान्त रिक्त सीटों की संख्या नगण्य है। स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय एवं विषयवार रिक्त सीटों की सूची ऑनलाईन चयन करने के क्रम में अभ्यर्थी को दिखाई देगी, तदनुसार नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थी एक स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय विकल्प का अपने स्तर से ऑनलाईन चयन करेंगे। छात्रों के द्वारा चयनोपरान्त रिक्त सीटों की संख्या क्रमशः घटती चली जायेगी। स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय के संबंधित विषय में रिक्त सीटों की संख्या शुन्य हो जाने पर उस विषय में स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय का चयन होना बंद हो जायेगा।

आवेदित अनामांकित अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के नामांकन पोर्टल पर दिनांक– ***11.122025*** को रिक्त बचे सीटों के विरूद्ध अपना यूजर आई–डी एवं पासवर्ड (User I.D and password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर स्नातकोत्तर विभाग/महाविद्यालय का चयन कर सकते हैं। स्पॉट राउण्ड नामांकन पोर्टल ***दिनांक– 11.12.2025 पूर्वाह्न 11:30 बजे से सक्रिय (Active) होगा।*** ऑनलाईन ऑन–स्पॉट के तहत् चयनित अभ्यर्थियों का चयन सूची दिनांक– ***13.12.2025*** को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर जारी की जायेगी। अभ्यर्थी अपना चयन–पत्र (Selection letter) डाउनलोड कर ***दिनांकः– 15.12.2025 से 16.12.2025 तक*** आवंटित विभाग/महाविद्यालय में अपना नामांकन ले सकते हैं।

अशोक
10.12.25

अध्यक्ष, छात्र–कल्याण

10/12/25